Sl. No	Name of the Project	Capacity (MW)
3.	Naraj Thermal Project. Power M* Orissa Power Partners Ltd.	2x2.50
4.	Gouripur Thermal Power Project, M$ Gouripur Ltd. Power Co.	150

The promoters of all the above schemes are required to submit their Detailed Project Report (DPR) by 31.3.1997 to CEA for obtaining the techno-economic clearance.

विंध्याचल विद्युत परियोजना के लिए एश-डायक के निर्माण हेतु ठेका

2032. **श्री जगन्नाथ सिंह** : क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1000 मेगावाट वाले विद्युत संयंत्र के लिए लगभग 15 करोड़ रूपये का ठेका एश-डायक के निर्माणार्थ दिया गया है, जो एन.टी.पी. सी. विंध्याचल विद्युत परियोजना के दूसरे चरण में है, जो विंध्यय नगर, जिला-सीधी, मध्य प्रदेश में स्थित है, यदि हां, तो यह ठेका किस व्यक्ति/पार्टी को प्रदान किया गया है, और

(ख) क्या यह भी सच है कि प्रभावित व्यक्तियों के लिए पुनर्स्थापना और पुनर्वास कार्ययोजना के लम्बित होने के बावजूद भी, संबंधित कम्पनी के मालिक के अग्रिम राशि के रूप में चार करोड़ रूपये का भुगतान किया गया है तथा अक्टूबर, 1994 से प्रतीमाह दस लाख रूपये का भुगतान दिया जा रहा है, और यह भुगतान लगभग अठ्ठाईस महीनो से किया जा रहा है, यद्यपि कम्पनी ने कोई कार्य नहीं किया है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. एस. वेणुगोपालाचारी) : (क) राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) ने विंध्याचल सुपर ताप विद्युत परियोजना के दूसरे चरण (1000 में वा0) के लिए प्रतियोगी राख कुण्ड पैकेज के निर्माण कार्य का ठेका अभी तक प्रदान नहीं किया है।

(ख) उपरोक्त (क) के उत्तर को मद्देनजर रखते हुए प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

विध्यांचल विद्युत परियोजना से प्रभावित व्यक्तियों को वित्तीय सहायता

2033. **श्री जगन्नाथ सिंह** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि एन.टी.पी.सी. विध्याचल विद्युत परियोजना, विध्य नगर जिला सीधी (मध्य प्रदेश) के लिए चार ग्रामों-चुडचुडिया, अमराताली, अस्का एंव जुडी के लगभग पांच सौ व्यक्तियों की तीन सौ एकड़ निजी भूमि को अधिगृहीत किया गया है,

(ख) क्या यह भी सच है कि प्रभावित परिवारों की पुनर्स्थापना एंव पुनर्वास हेतु विश्व बैंक से लगभग साढ़े तीन व्यक्तियों की तीन सौ एकड़ निजी भूमि को अधिगृहीत किया गया है,

(ग) क्या यह भी सच है कि प्रभावित परिवारों की पुनरर्स्थापना एंव पुनर्वास हेतु विश्व बैंक से लगभग साढ़े तीन करोड़ रूपये की ऋण-राशि सहायतार्थ प्रदान की गयी है, और

(घ) यदि हां, तो क्या यह सच हैं कि वर्ष 1993 में पुनर्स्थापना और पुनर्वास हेतु विश्व बैंक के साथ समझौता होने के बावजूद भी सरकार द्वारा कोई सुविधा नहीं दी गई हैं?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. एस. वेणुगोपालाचारी) : (क) राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) ने मध्य प्रदेश में सीधी जिले के विधा नगर में अपनी विन्ध्याचल विद्युत परियोजना के लिए चुडचुडिया, अम्राताली, अस्का तथा खुडी नामक चार गांवों के लगभग 824 लोगों को 613.15 एकड़ निजी भूमि का अधिग्रहण किया है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) उपरोक्त (ख) के उत्तर को मद्देनजर रखते हुए, प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

Hydel power projects in Tamil Nadu

2034. SHRI T.M. VENKATACHALAM: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Govemment have made any survey to study unexploited sources of hydel power generation in the country;